उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः–172 / 07 / सि0न्याया0 / **G-2 / 2023-24** दिनांकः 27 सितम्बर 2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2023** के अन्तर्गत प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 29 मई 2023 को घोषित करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी थी। इस संबंध में रिट याचिका संख्या 229, 242, 243 एवं 265 ऑफ 2023 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 13.09.2023 पारित करते हुए एक प्रश्न को प्रश्न पत्र से विलोपित करने एवं दो प्रश्नों के उत्तर विकल्प पर पुनः विचार करने का निर्णय पारित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दो प्रश्नों के उत्तर विकल्प पर पुनः विचार करने के लिए विषय विशेषज्ञों की समिति गठित की गयी। विषय विशेषज्ञों की समिति की अनुशंसा के आधार पर दो प्रश्नों के उत्तर विकल्प में परिवर्तन किया गया तथा मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एक प्रश्न को प्रश्न पत्र से विलोपित किया गया। उक्त के क्रम में अंतिम उत्तर कुंजी में यथा आवश्यक संशोधन करते हुए प्रारम्भिक परीक्षा का पुनरीक्षित परिणाम आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किया गया है। इस पुनरीक्षित परिणाम के क्रम में कट ऑफ मार्क्स, पुनरीक्षित उत्तर कुंजी एवं अभ्यर्थियों के पुनरीक्षित प्राप्तांक भी आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये गये हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि मुख्य / लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 05 दिसम्बर 2023 से किया जायेगा, जिसके संबंध में तिथि सहित विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम एवं अन्य विवरण यथासमय आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित किये जायेंगे।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।